# सड़क हादसों में 3 की मौत

## ट्रक ने स्कार्पियो को मारी टक्कर, नवयुवक की मौत



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 16 फरवरी।** नूराबाद थाना क्षेत्र में रिठौरा रोड पर बरेंडा गांव के पास एक ट्रक ने स्कार्पियो में टक्कर मार दी। हादसे में स्कार्पियो को ड्राईव कर रहे नवयुवक की मौत हो गई। हादसा रविवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे होना बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार मुरैना शहर के गोपालपुरा इलाके की श्याम गार्डन वाली गली में रहने वाला अर्जुन कंषाना उर्फ बेटू पुत्र लल्ला कंषाना रविवार की रात को अपने दोस्त को लोलकपुर गांव में

**नूराबाद थाना क्षेत्र में रिठौरा रोड पर बरेंडा गांव के पास हादसा**

छोड़ने के लिए स्कार्पियो लेकर गया था। दोस्त को उसके गांव में छोड़ने के बाद अर्जुन अकेला ही स्कार्पियो में सवार होकर मुरैना आ रहा था। इसी दौरान जब उसकी स्कार्पियो रिठौरा-टेकरी रोड पर बरेंडा गांव के पास से गुजर रही थी। तभी एक ट्रक ने स्कार्पियो को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कुछ दूर जाकर ट्रक पलट गया, उधर स्कार्पियो ड्राईव कर रहा अर्जुन स्टेयरिंग में फंस गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद उसे निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, घटनास्थल पर मौत

**मुरैना, 16 फरवरी।** बागचीनी क्षेत्र के शुक्लूपुरा गांव में दोस्त से मिलने के बाद बानमौर स्थित अपने घर जा रहे बाइक सवार एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसा रविवार की शाम करीब 7 बजे होना बताया गया है।

**रविवार की शाम 7 बजे बागचीनी थाना क्षेत्र में हादसा**

जानकारी के अनुसार बानमौर कस्बे में जैतपुर रोड पर रहने वाला रामपूजन गौड़ 28 पुत्र जगदीश गौड़ रविवार को अपने दोस्त विनीत कुशवाह से मिलने के बाद बागचीनी क्षेत्र के ग्राम शुक्लूपुरा आया हुआ था। दोस्त से मुलाकात करने के बाद जब रामपूजन बाइक पर सवार होकर बानमौर जा रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। सूचना मिलने के बाद बागचीनी पुलिस मौके पर पहुंचीं और जख्मी हालत में पड़े रामपूजन को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## मिनी ट्रक ने बाइक को रौंदा, 1 युवक की मौत, दूसरा जख्मी

**मुरैना, 16 फरवरी।** दिमनी थाना क्षेत्र में एनएच-552 पर एक मिनी ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हुआ है। हादसा रविवार की शाम करीब साढ़े सात बजे रतीरामपुरा के पास होना बताया गया है।

**रविवार की शाम एनएच-552 पर दिमनी क्षेत्र में हादसो**

जानकारी के अनुसार दिमनी क्षेत्र के ग्राम रानपुर निवासी अभिषेक 25 पुत्र पप्पू उर्फ रामनारायण ओझा रविवार की शाम को अपने दोस्त अरविंद रजक निवासी रानपुर के साथ बाइक पर सवार होकर शाम करीब साढ़े सात बजे रानपुर से दिमनी की ओर जा रहा था। इसी दौरान रतीरामपुरा के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रहे एक मिनी ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार अरविंद और अभिषेक जख्मी हो गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचीं दिमनी पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया। जबकि अरविंद को उपचार के लिए भर्ती किया गया है। दिमनी पुलिस ने मिनी ट्रक के ड्राईवर के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## बोर्ड परीक्षा : 12वीं संस्कृत के पेपर में 38 रहे अनुपस्थित

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 16 फरवरी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा जिले में हायर सेकेण्ड्री की बोर्ड परीक्षाएं रूप से संचालित की जा रही हैं। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशन में परीक्षा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराई जा रही हैं। जिला शिक्षा अधिकारी बीएस इंदौलिया ने बताया कि सोमवार को आयोजित हायर सेकेण्ड्री के संस्कृत विषय की परीक्षा में जिले के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर पंजीकृत 946 परीक्षार्थियों में से 908 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 38 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार डीपीएसई प्रथम वर्ष की परीक्षा भी जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई। इस परीक्षा में पंजीकृत 52 परीक्षार्थियों में से 49 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा 3 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## पोस्ट ऑफिस गबन कांड : भिंड के खजांची सोनू मीणा निलंबित

**मुरैना, 16 फरवरी।** अधीक्षक डाकघर चंबल संभाग मुरैना ने बताया कि शासकीय धनराशि के गबन प्रकरण में दोषी पाए जाने पर प्रधान डाकघर भिंड में पदस्थ डाक सहायक एवं कार्यवाहक खजांची सोनू कुमार मीणा को निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 2 करोड़ 12 लाख रुपये के गबन प्रकरण में संलिप्तता पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील )नियमावली, 1965 के नियम 14 के अंतर्गत आरोप पत्र जारी किया गया है। आरोप पत्र पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेषित किया गया था, किंतु निलंबन अवधि के दौरान निर्धारित मुख्यालय प्रधान डाकघर मुरैना तथा उनके मूल निवास पता ग्राम लौरबाड़ा, तालाबगांव, तहसील लालसौट, जिला दौसा राजस्थान पर भेजे गए पत्र अवितरित लौट आए हैं।

## जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 16 फरवरी।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी जनगणना-2027 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

कलेक्टर श्री जांगिड़ ने बताया कि जनगणना कार्य दो चरणों में संपन्न किया जाएगा। प्रथम चरण के अंतर्गत 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग) का कार्य किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण फरवरी-2027 में जनसंख्या गणना का कार्य संपन्न होगा।

उन्होंने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, जिसके सफल संचालन के लिए सभी विभागों की सक्रिय सहभागिता और समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। बैठक में सहायक संचालक भोपाल विपिन कुमार सिंह ने बताया कि जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जाएगाए जो आगे सेक्टर स्तर तक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगेए जिससे जनगणना कार्य त्रुटिरहित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जनगणना-2027 से संबंधित सभी तैयारियां निर्धारित समयसीमा में पूर्ण की जाएं। साथ ही विभागीय समन्वय के माध्यम से प्रशिक्षण व्यवस्था, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता एवं मैदानी अमले की समय पर तैनाती सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।







## सरकार एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू करे : अभिभाषक संघ

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 16 फरवरी।** अधिवक्ताओं पर लगातार हो रहे हमले एवं संजय कुमार सक्सैना की हत्या के विरोध में सोमवार को जिला अभिभाषक संघ के तत्वावधान में अधिवक्तागण हड़ताल पर रहे। न्यायालय परिसर में उनके द्वारा शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया गया। जिसके बाद प्रधानमंत्री के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें अधिवक्ताओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकार से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को तत्काल लागू किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन अभिभाषक संघ के अध्यक्ष हरीसिंह सिकरवार के नेतृत्व में सौंपा गया।

**हड़ताल पर रहते हुए किया प्रदर्शन, पीएम के नाम एडीएम को सौंपा ज्ञापन**

इस ज्ञापन में जिला अभिभाषक संघ की ओर से कहा गया है कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो न्यायालय की सहायता करते हुए पक्षकारों को न्याय दिलाने का कार्य करते है। अधिवक्ताओं के असुरक्षित रहने से न्याय व्यवस्था प्रभावित होगी। अपर कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में विभिन्न मांगों का उल्लेख भी किया गया है।

### ज्ञापन में यह रहीं अभिभाषक संघ की मांगें

- अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम को तत्काल लागू किया जाए।
- अधिवक्ताओं की सुरक्षा को विशेष प्रावधान किए जाएं।
- अधिवक्ताओं के विरुद्ध हिंसा, धमकी, उत्पीड़न को संज्ञेय एवं गैर जमानती अपराध घोषित किया जाए।
- अधिवक्ता संजय कुमार सक्सैना के हत्यारे शीघ्र गिरफ्तार किए जाएं।
- अधिवक्ताओं पर हमले की स्थिति में आश्रित परिवारीजनों को आर्थिक मदद एवं पुर्नवास सहायता प्रदान किए जाने का प्रावधान हो।

## 43 घंटे में सोरौंजी से अंबाह पहुंची 1 क्विंटल की महाकाल थीम कांवड़

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/अंबाह, 16 फरवरी।** महाकाल मंदिर की थीम पर बनी 1 क्विंटल वजनी कांवड़ को 50 युवाओं का जत्था यूपी के सोरोंजी

**महाशिवरात्रि पर पीएचई दफ्तर परिसर स्थित शिव मंदिर में किया अभिषेक**

से करीब 200 किमी की पदयात्रा करते हुए 43 घंटे में अंबाह लेकर पहुंचा। महाशिवरात्रि के मौके पर कस्बे में पीएचई दफ्तर परिसर में स्थित भगवान शिव के मंदिर पर कांवड़ में लाए गए गंगाजल से



भगवाल भोलेनाथ का अभिषेक किया गया।

कांवड़ यात्रा ब्रह्मलीन संत दद्दाजी के आशीर्वाद एवं गृहस्थ संत डॉ. अनिल शास्त्री की प्रेरणा से संपन्न हुई। दद्दा एसटीएफ एवं भक्तमंडल अंबाह के तत्वावधान में 13 फरवरी की सुबह 9 बजे सोरों गंगा घाट से यात्रा प्रारंभ हुई। महाशिवरात्रि पर पीएचई परिसर स्थित शिव मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया, बिल्व पत्र अर्पित किए और पवित्र गंगाजल से विधि-विधानपूर्वक जलाभिषेक किया। पूरे परिसर में हर-हर महादेव, दद्दाजी की जय और बोल बम के जयघोष गूंजते रहे।

### जैन बगीची से निकली भव्य शोभायात्रा

जलाभिषेक से पहले जैन बगीची परिसर से कांवड़ के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा परेड चौराहा, अटल पार्क, उसैद रोड, पोरसा चौराहा, डायवर्सन रोड, जय हिंद कॉलेज, जग्गा चौराहा, मुरैना तिराहा, नगर पालिका चौराहा, सदर बाजार, गंज, पुरानी गली और पुरानी तहसील होते हुए पुन: पीएचई परिसर स्थित शिव मंदिर पहुंची। हजारों श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल हुए। एक सैकड़ा से अधिक स्थानों पर सामाजिक संगठनों, व्यापारियों, समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कावड़ का स्वागत और कांवड़ियों का सम्मान किया।

## जीवाजीगंज में युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**मुरैना, 16 फरवरी।** शहर के जीवाजीगंज क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने रविवार-सोमवार की रात को अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के अनुसार राहुल गुप्ता 35 पुत्र घनश्याम गुप्ता रविवार की रात को खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। सोमवार की सुबह जब राहुल सोकर नहीं उठा, तब परिवार के सदस्य उसे जगाने के लिए कमरे में पहुंचें, जहां राहुल फंदे पर झूलता हुआ मिला। सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचीं और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## एक नजर में




### सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों को टाईम लिमिट में निराकृत करें

**मुरैना, 16 फरवरी।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाई जाए तथा 50 दिवस से अधिक पुराने मामलों का समय-सीमा में त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों का भी शीघ्र निपटारा कर प्रगति लाना सभी विभागों की जिम्मेदारी है। कलेक्टर श्री जांगिड़ सोमवार को टीएल बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत, समस्त एसडीएम,जिला अधिकारी, जनपद सीईओ, तहसीलदार एवं नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे और अभियान में निरंतर प्रगति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पंचायत स्तर पर राजस्व वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नामांतरणए बंटवारा एवं सीमांकन के 3 से 6 माह से लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर पेंडेंसी शून्य करने के निर्देश दिए।

### आरएसएस के सह सरकार्यवाह कृष्णगोपाल 18 को मुरैना आएंगे

**मुरैना, 16 फरवरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल 18 फरवरी को एक दिवसीय प्रवास पर मुरैना आएगें। एक दिवसीय प्रवास के दौरान 18 फरवरी की सुबह 10 बजे डॉ. कृष्णगोपाल पुलिस परेड ग्राउंड के सामने स्थित एसएएफ के सामुदायिक भवन में आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर आयोजित प्रमुखजन गोष्ठी में हिस्सा लेंगे। जिसके बाद दोपहर 12.30 बजे टीएसएस इंटरनेशनल स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले पूर्व सैनिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में शहीदों के परिवारीजनों को सम्मानित भी किया जाएगा।



### रानी कमलापति-अधारताल इंटरसिटी एक्सप्रेस का बोहानी पर अतिरिक्त ठहराव

**भोपाल.** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधारताल-रानी कमलापति इंटरसिटी एक्सप्रेस को बोहानी स्टेशन पर दोनों दिशाओं में अतिरिक्त 01 मिनट का ठहराव दिया गया है. आधारताल से गाड़ी संख्या 22188 दिनांक 17.02.2026 से बोहानी स्टेशन पर 18.11 बजे पहुंचेगी और रानी कमलापति से गाड़ी संख्या 22187 दिनांक 18.02.2026 से वापसी में 08.25 बजे बोहानी स्टेशन पर ठहरेगी. यह व्यवस्था अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी. सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि इन अतिरिक्त ठहरावों से स्थानीय यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी और रेल सेवाओं का लाभ अधिक लोगों तक पहुँच सकेगा. यात्री मेला स्पेशल ट्रेन और अन्य सेवाओं की जानकारी रेलवे स्टेशन, रेल मदद 139 और रेलवे की ऑनलाइन वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं.



## महाशिवरात्रि पर स्काउट-गाइड का सेवा शिविर आयोजित

**मुरैना, 16 फरवरी।** महाशिवरात्रि के मौके पर स्काउट-गाइड जिला संघ के तत्वावधान में बड़ोखर क्षेत्र में स्थित महाकालेश्वर मंदिर पर विशाल सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान मंदिर पर पहुंचें हजारों श्रद्धालुओं को स्काउट-गाइड ने सुगम दर्शन एवं व्यवस्थाओं का लाभ दिलाने में सहयोग किया। यह शिविर रविवार की सुबह 8 बजे शुरू हुआ। स्काउट, गाइड, रेंजर एवं रोवर निर्धारित गणवेश धारण कर शिविर में पहुंचें थे। सेवा शिविर के अंतर्गत कतार व्यवस्था संचालन, पार्किंग मार्गदर्शन, वृद्ध एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं को सहयोग, आवश्यक स्वच्छता व्यवस्था में सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया। स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर एवं पदाधिकारीगणों द्वारा की गई सेवा कार्य, सतर्कता एवं अनुशासन के कारण पूरे दिन व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित होती रहीं। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ. मुरारीलाल मित्तल ने कहा कि स्काउट-गाइड द्वारा किया गया यह सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों में युवाओं की सकारात्मक भागीदारी से अनुशासन एवं व्यवस्था बनाए रखने में अत्यंत सहायता मिलती है। सहायक राज्य संगठन आयुक्त वीर सिंह यादव ने अपने संबोधन में कहा कि स्काउटिंग का मूल उद्देश्य सेवा, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण है। जिला सचिव शेखर सिंह यादव ने बताया कि भारत स्काउट एवं गाइड का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है। शिविर में लगभग 60 के करीब स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर एवं पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

## बेटी के ब्याह में सेवाभावी महिलाओं ने दिए ढेरों उपहार

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 16 फरवरी।** महिलाओं के स्वयं सेवी संगठन जेएसी मुरैना जागृति और जैन समाज की महिलाओं ने एक बार फिर एक जरूरतमंद परिवार की बेटी के ब्याह में सहयोग करके अपने सेवा संकल्प का परिचय दिया है।

**जेएसी मुरैना जागृति और जैन समाज की महिलाओं ने जरूरतमंद परिवार की मदद को बढ़ाए हाथ**

महिलाओं ने परिवार को न सिर्फ नकद धनराशि प्रदान की, बल्कि घर-गृहस्थी में काम आने वाले तमाम उपहार भी प्रदान किये।



जेएसी मुरैना जागृति की फाउंडर प्रेसिडेंट भावना जैन को आर्थिक रूप से कमजोर एक परिवार की बेटी के विवाह में मदद का प्रस्ताव कुछ दिन पहले मिला। हमेशा की तरह सकारात्मक रुख के साथ उन्होंने यह बात अपने संगठन की पदाधिकारियों और सदस्यों के समक्ष रखी तो सभी इस काम में सहयोग के लिए सहर्ष तैयार हो गईं।

इसके अलावा जैन समाज की सेवाभावी महिलाओं से भी इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने भी इस नेक काम में साथ देने का वादा किया। इसके बाद सभी महिलाएं शिद्दत के साथ बेटी के ब्याह के लिए जरूरी सामान उपलब्ध कराने में जुट गईं और देखते ही देखते उपहारों का ढेर लग गया। इसके अलावा नकद धनराशि के रूप में 5100 रुपये भी महिलाओं ने उस बिटिया को भेंट किए, जिसका विवाह होने वाला है। बारात के आगमन के समय दरवाजे पर रखे जाने वाले बर्तन आचार्य आनंद क्लब अम्बाह की ओर से प्रदान किये गए। सोमवार को जेएसी मुरैना जागृति और जैन समाज की महिलाओं ने ये तमाम उपहार और नकद राशि बिटिया के परिवार को सौंपी। तंगहाली के आलम में उम्मीद से अधिक सहयोग पाकर परिवार के सदस्य अविभूत हो उठे।

### उपहार के रूप में महिलाओं ने भेंट किया यह सामान

महिलाओं ने बेटी के विवाह में एक अलमारीए एक डायनिंग टेबलए डिनर सेटए दरवाजे के बर्तनए डे? दर्जन सा?ियांए लहंगाए मेकअप किटए ज्वेलरी सेटए चांदी के आभूषणए चांदी का सिक्का सहित गृहस्थी में काम आने वाले अन्य आइटम्स भेंट किये हैं। महिलाओं ने कहा कि जरूरतमंद लोगों के सहयोग का संकल्प हमेशा बना रहेगा। ईश्वर ने यदि हमको इस काबिल बनाया है तो यह हमारा सौभाग्य है। समाज में जो लोग सक्षम हैंए उन्हें दूसरों के सहयोग के लिए तैयार रहना ही चाहिए। परिवार को उपहार भेंट करते वक्त जेएसी परिवार की नीता बांदिल और सपना बंसल, श्वेता मौजूद रहीं।